HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर **दिनाँक 20.03.2024**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 20.03.2024 को चुनाव की तैयारियों के संबंध में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री भानु भास्कर द्वारा सर्वप्रथम गार्द सलामी लेकर जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार जिला कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में समीक्षा बैठक की गई । इस दौरान सभी को निर्देशित किया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाए। समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सीएपीएफ, पीएसी व होमगार्ड के रुकने की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाये, रुकने वाले स्थानों पर साफ-सफाई, वाशरुम तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मानक रुप में हो यदि कहीं इसकी व्यवस्था नहीं है तो इसे तत्काल समय से पूरा कर लें । पोलिंग बूथों का राजपत्रित अधिकारी प्रभावी रुप से भौतिक सत्यापन करें तथा आने वाली कमियों को तत्काल दूर कर लिया जाये साथ ही प्रत्येक पोलिंग बूथ पर शौचालय और मतदान के दिन शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये । मतदान को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उन्हे पाबंद किया जाये साथ ही हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों का सत्यापन किया जाए। शस्त्र धारकों से जल्द से जल्द शस्त्र जमा करा लिए जाएं। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थ, अवैध शराब का निष्कर्षण व

बिक्री करने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि चुनाव के दौरान इसके प्रभाव को रोका जा सके। अवैध शस्त्रों का निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। चुनाव में लगने वाले फोर्स के वितरण को देख लिया जाए यदि अतिरिक्त फोर्स की आवश्यक हो तो संबंधित से पत्राचार कर अतिरिक्त फोर्स की मांग कर ली जाए। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की जाए और किसी भी भ्रामक खबर का तत्काल खण्डन किया जाए साथ ही भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कठोर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जाए। जनपद की सीमाओं पर बैरियर लगाकर प्रभावी चेकिंग की जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए व्यापक मतदान जागरुकता अभियान चलाया जाए। महोदय द्वारा आगामी रमजान व होली के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु भी विस्तृत निर्देश दिए गये। समीक्षा बैठक में श्रीमान पुलिस उप-महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर तथा अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।